## खबर संक्षेप

### डंपर पलटने से चालक की मौत

**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित डम्फर पलटकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर में ड्राइवर की मौत हो गई। जानकारी लगते ही चंदिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। चंदिया थाना क्षेत्र के पटपरहा नाला के पास डम्फर एमपी 18 एच 5004 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर में उसका आगे हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर विष्णु नामदेव पिता राजेंद्र प्रसाद नामदेव उम्र 35 वर्ष ग्राम करेला जिला कटनी की मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पर चंदिया पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### लाउडस्पीकर हटवाने शांति समिति की बैठक



**शहडोल।** धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर पर नियमविरूद्ध व अनियंत्रित रूप से लगे हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे (लाउडस्पीकरण,डीजे) आदि को हटवाने के संबंध में शासन द्वारा जारी किये गए नवीन दिशा-निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर सभी थाना अंतर्गत आज दिनांक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना स्तर पर आयोजित उक्त शांति समिति की बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबी, क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्ति आदि शामिल हुए। बैठक में पुलिस द्वारा सभी धर्मावलंबियों, धर्म गुरूओं आदि को पुलिस द्वारा उक्त निर्देशों एवं ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसान आदि के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर उपस्थित धर्मावलंबियों के द्वारा स्वेच्छा से उक्त लाउडस्पीकर्स को उतरवाने पर आम सहमति प्रकट की गई।

### वाहन चलाने पर 133 चालकों से वसूल शुल्क



**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 15 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 133 चालानों में 49,800 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है।

### 34 वारंट की हुई तामीली

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में शहडोल पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत समंस-वारंट की तामीली एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारियों द्वारा 11 दिसम्बर को लंबित 32 गिरफ्तारी एवं 02 स्थायी वारंट तामील कराये गए।

### चाकू सहित दो पकड़ाये

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 15 दिसम्बर को मुखबिर सूचना मिली कि बिरूहली में कुछ व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहे है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी धर्मेन्द्र सिंह उर्फ सोनी पिता दशरथ सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी छांटा एवं आरोपी गोलू सिंह पिता रामलाल सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी छांटा को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से पृथक-पृथक एक-एक अद्द लोहे के चाकू मिले।

### अवैध शराब जब्त

**शहडोल।** सोगापुर थाना क्षेत्रांतर्गत 15 दिसम्बर को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने कोटमा में दबिश देकर आरोपिया राजू ढीमर की पत्नी निवासी कोटमा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब, बलपुरवा में आरोपिया प्रीतम चौधरी की पत्नी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं कोटमा में आरोपिया चूडामणि जैसवाल की पत्नी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने नरसरहा तालाब के पास में दबिश देकर आरोपी रामसिंह गोंड पिता दलबीर सिंह गोंड उम्र 45 वर्ष 06 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई।

## प्रतिबंध के बावजूद निजी अस्पताल में सेवा, क्लीनिक का संचालन

# ...तो भाड़े पर उपलब्ध हैं केन्द्रीय अस्पताल के चिकित्सक

### कोल इंडिया के सोहागपुर एरिया स्थित अस्पताल का हाल

**कोल प्रबंधन की सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए सोहागपुर एरिया की केन्द्रीय अस्पताल के चिकित्सक अब फर्जी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं, यही नहीं यहां संचालित दवा दुकानों और पैथोलॉजी, एक्स-रे, सोनोग्राफी केन्द्रों से पूर्व में ही इनकी सांठ-गांठ रही है, लेकिन गर्भपात केन्द्रों पर सेवाएं देना और बिना अनुमति के एनेस्थीसिया का उपयोग करना कभी भी बड़ी घटना का कारक बन सकता है।**



शहडोल।

साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड के सोहागपुर एरिया मुख्यालय पर स्थित केन्द्रीय चिकित्सालय इन दिनों चर्चाओं में बना हुआ है, यहां पदस्थ कुछ चिकित्सकों ने रूपयों के फेर में सेवा के इस केन्द्र की साख को जमींदोज कर दिया है। इस मामले में केन्द्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है, कार्यालयीन समय में बिना किसी सूचना के चिकित्सकों का अनुपस्थित रहना और स्थानीय निजी अस्पतालों में जाकर गंभीर ऑपरेशन के अलावा गर्भपात करवाने के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं, बीते दिनों नगर परिषद बकहो अंतर्गत एनएच-43 पर स्थित विजय जायसवाल नामक फर्जी चिकित्सक के द्वारा संचालित एक केन्द्र में केन्द्रीय चिकित्सालय के चिकित्सक दंपत्ति पहुंचे और उन्होंने ओटी में कुछ घंटो तक दो ऑपरेशन किये।

#### आये दिन रहता है डेरा

केन्द्रीय चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सक श्रीमती मोनिका कुमारी एवं चिकित्सक रविन्द्र कुमार ऐतराम ने तथाकथित विजय जायसवाल के अपंजीकृत अस्पताल में दो ऑपरेशनों को अंजाम दिया, जिसमें से एक नाबालिग बच्ची का गर्भपात और दूसरा चचाई थाना अंतर्गत ग्राम खोली की महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया, दोनों चिकित्सकों का आये दिन उक्त अस्पताल के साथ ही क्षेत्र के अन्य ऐसे अपंजीकृत अस्पतालों में आना-जाना लगा रहता है, रूपयों के लालच में दोनों चिकित्सकों ने धरती के भगवान के नाम की दी गई संज्ञा को भी कलंकित कर दिया है।

#### यह कहती है सेवा शर्तें

कोल इंडिया अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड में अपनी सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को नियुक्ति के दौरान ही तय शर्तों का पालन करना पड़ता है, नियुक्ति के दौरान ही प्रबंधन और चिकित्सकों के बीच सेवा शर्तों के दौरान यह लिखित अनुबंध होता है कि कंपनी के अस्पताल के अलावा वे साथ-साथ में कहीं भी अपनी सेवाएं नहीं देंगे, विपरीत परिस्थितियों में इसके लिए अनुमति की भी व्यवस्था हो सकती है, इसके साथ ही खुद का निजी क्लीनिक या अस्पताल या फिर किसी के निजी क्लीनिक में पारिश्रमिक लेकर सेवाएं नहीं दे सकते।

#### यह कह रहे जिम्मेदार

केन्द्रीय चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक श्रीमती मोनिका कुमारी एवं चिकित्सक रविन्द्र कुमार ऐतराम सहित अन्य सभी चिकित्सकों के द्वारा कोल इंडिया की सेवा दिनों के साथ-साथ निजी तौर पर कहीं भी प्रैक्टिस या अन्य अस्पताल में सेवा नहीं दे सकते, इस मामले में केन्द्रीय चिकित्सालय के सीएमओ डॉ. नवीन शर्मा कहते हैं कि ऐसा करना सेवा शर्तों का उल्लंघन हैं, यदि चिकित्सक ऐसा करते हैं तो, मामले की जांच और उन पर कार्यवाही की जा सकती है। हालाकि आधिकारिक तौर पर कोई भी बयान कोल प्रबंधन के जनसंपर्क के अधिकारी ही दे सकते हैं। इस मामले में सोहागपुर एरिया के मुख्य महाप्रबंधक पी.कृष्णा भी सीएमओ डॉ. नवीन शर्मा की राय से इत्फाक रखते हुए कहते हैं कि सीएमओ से इस बारे में जानकारी ली जायेगी।

#### चिकित्सक ने खुद स्वीकारा

केन्द्रीय चिकित्सालय में पदस्थ श्रीमती मोनिका कुमारी ने नगर परिषद बकहो स्थित निजी अस्पताल में महिला के बच्चेदानी के ऑपरेशन की बात स्वीकारी, उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि उनके साथ डॉक्टर रविन्द्र कुमार ऐतराम भी गये थे, जिन्होंने महिला को एनेस्थीसिया दिया था, हालाकि महिला चिकित्सक इस बात को एक सिरे से खारिज करती हैं कि उन्होंने नाबालिग बच्ची का गर्भपात कराया था, उन्होंने यह जरूर कहा कि अस्पताल से इस तरह के कार्य के लिए कहा जरूर जाता है, लेकिन वे खुद इस तरह के अनैतिक कार्यो के खिलाफ है, यह दिगर बात है कि अपंजीकृत अस्पताल और फर्जी चिकित्सक के यहां आर्थिक लालच में दोनों आये दिन सेवाएं देते रहते हैं।

#### इनका कहना है...

मामले की जांच कराई जायेगी, अस्पताल में कालरी के चिकित्सक किस आधार पर सेवाएं दे रहे हैं, यह कोल प्रबंधन का मामला है।

**डॉ. आर.के. वर्मा**
**बीएमओ, बुढ़ार**

तथाकथित अस्पताल और वहां हो रहे ऑपरेशन तथा उसके रजिस्ट्रेशन की जांच कराने के लिए टीम भेजेंगे।

**डॉ. राजेश पाण्डेय**
**सीएमएचओ, शहडोल**

इस तरह के ऑपरेशन खतरनाक हो सकते हैं, वहां लगे चिकित्सकों के बोर्ड और ऑपरेशन थियेटर, डॉक्टर व अन्य की योग्यता व रजिस्ट्रेशन की जांच सीएमएचओ को बोलकर कराई जायेगी।

**श्रीमती वंदना वैद्य**
**कलेक्टर, शहडोल**



## धार्मिक स्थलों से हटवाये गए ध्वनि विस्तारक यंत्र

शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गए नवीन दिशा-निर्देशों के तारतम्य में 16 दिसम्बर को धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर पर नियम विरूद्ध व अनियंत्रित रूप से लगे हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे (लाउडस्पीकरण,डीजे) आदि को शहडोल पुलिस द्वारा हटवाया गया। इस हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं एसडीओपी की बैठक लेकर शासन द्वारा लाउडस्पीकर, डी.जे., ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्यवाही के संबंध में जारी किये गए नवीन निर्देशों से अवगत कराते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित कर एवं धर्मगुरूओं से संवाद एवं समन्वय बनाते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल से भी इस संबंध में निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके तारतम्य में सभी थाना क्षेत्रों में आज सभी धर्मगुरूओं एवं क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सभी धर्मावलंबियों को पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण से होने वाले नुकसान आदि के संबंध में अवगत कराया गया जिस पर उपस्थित धर्मावलंबियों के द्वारा स्वेच्छा से उक्त लाउडस्पीकर्स को उतरवाने पर आम सहमति प्रकट की गई, जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें आभार प्रदर्शित किया गया। 16 दिसम्बर को थानावार हटवाये गए लाउडस्पीकरों कोतवाली में 06, सोहागपुर में 03, सिंहपुर में 04, गोहपारू में 06, बुढ़ार में 03, अमलाई में 06, जैतपुर में 02, धनपुरी में 04, खैरहा में 03, ब्यौहारी में 09, जयसिंहनगर में 02, सीधी में 01, देवलोंद 03 कुल 52 लाउडस्पीकर हटवाये गये।

## रेस्क्यू, कुछ देर बाद भालू की मौत

उमरिया।



एक महिला को मौत के घाट उतारने और हाथी के अलावा सात अन्य लोगों को घायल करने वाला भालू की रेस्क्यू के कुछ घंटे बाद ही मौत हो गई। भालू की मौत का वास्तविक कारण क्या है यह तो पता नहीं लेकिन बताया जा रहा है कि जब उसे पकड़ने के लिए ट्रंक्युलाइज किया गया था, उसके बाद वह होश में नहीं आया और उसकी मौत हो गई। भालू की मौत दवा के डोज के कारण हुई है या फिर उसके शरीर में कोई चोट लग गई थी अभी इसे स्पष्ट नहीं किया गया है। अनुमान यह लगाया जा रहा है कि भालू रैबीज से प्रभावित था और संभवतः वह पागल भी हो गया था।

दोनों महिलाएं जंगल में जब लकड़ी बीन रही थीं, इसी दौरान भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू ने शकुंतला और उसके साथ आई दोनों महिलाओं पर एक साथ हमला किया था, लेकिन दूसरी महिला ने खुद को बचा लिया जबकि शकुंतला बुरी तरह से घायल हो गई। शकुंतला को भालू के चंगुल में फसा देख दूसरी महिला ने शोर मचाया, तो उन्हें बचाने के लिए गुरूवाही सरपंच के.पी. सिंह, अच्छे लाल बैगा, भगवत चौधरी और प्यारेलाल बैगा दौड़ पड़े। उन्होंने शकुंतला को बचाने का प्रयास किया तो भालू ने उन्हीं पर हमला कर दिया। इस घटना में उक्त चारों भी बुरी तरह से घायल हो गए थे। इसके बाद भालू ने रेस्क्यू टीम पर हमला कर दिया था जिसमें हाथी गणेश और वन रक्षक नरेंद्र प्रजापति, महावत राजेन्द्र यादव को भी काफी चोट आई थी। मृत भालू के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी देखे गए हैं। बताया गया है कि भालू के गले में सूजन, पैर में घाव समेत शरीर के कई हिस्सों में जख्म देखे गए हैं। पशु विशेषज्ञों की माने तो वन्य प्राणी भालू शर्मीले स्वभाव का होता है, पर गुरूवाही बीट में रेस्क्यू कर कब्जे में लिया गया खूंखार भालू आक्रामक स्वभाव का हो गया था। जिस वजह से प्राथमिक दृष्ट्या रेबीज नामक बीमारी के लक्षण लक्षित होते है। मृत भालू के शरीर के अवयवों की सैंपलिंग ली गई है, रिपोर्ट आने पर मौत के कारण और स्पष्ट हो सकेंगे। रेस्क्यू के बाद ताला कैम्पस में लाये गए खूंखार भालू का इलाज पशु चिकित्सक डॉ. काजल जाधव कर रहीं थीं। भालू की मौत के बाद इस मामले में यह भी बड़ा सवाल है कि भालू के हमले में घायल लोगों को रेबीज बीमारी से जुड़ा इलाज किया गया है या नहीं। सर्चिंग के दौरान पार्क अमले पर भालू ने ही हमला कर दिया था। इस हादसे में महावत और वन रक्षक के अलावा हाथी भी घायल हो गए हैं। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए मानपुर अस्पताल ले जाया गया। विदित हो कि दो दिन पहले इसी खूंखार भालू ने एक महिला की जान ली थी। वहीं चार अन्य घायल इलाज के लिए अलग-अलग अस्पताल में उपचारार्थ है।

लक्षण के दृष्टिगत खूंखार भालू रेबीज नामक बीमारी से ग्रसित रहा, जिस वजह से हाल के दिनों में उसका व्यवहार आक्रामक बना रहा। इसी आक्रामकता की वजह से ग्राम गुरूवाही की शकुंतला बाई पर हमला कर भालू ने उसे मौत की नींद सुला दिया था। इसके अलावा महिला को बचाने गए सरपंच सहित क़ई स्थानीय लोगों पर भालू ने हमला कर दिया था। मृतक महिला शकुंतला बाई अपनी पड़ोसिन महिला के साथ लकड़ी लेने गांव से कुछ दूर जंगल गई थी।

# जिले में आज से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

## शुभारंभ अवसर पर हितग्राहियों को वितरित किये लगभग 3 करोड रूपये के हितलाभ

शहडोल।

जिले में शनिवार को संभागीय मुख्यालयके मानस भवन प्रागंण से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ हुई। विधायक जैतपुर जय सिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह एवं विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मानस भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लगभग 3 करोड रूपये के हितलाभों का वितरण किया गया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगो को वर्चुअली सम्बोधित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु नये-नये नवाचार कर रहे है, युवा सेल्फी भी ले रहे एवं एम्बेसडर बन रहे है। उन्होंने कहा कि गांव हो या शहर में प्रश्नोत्तरी लोग भाग ले रहे है, इससे नई-नई जानकारिया भी प्राप्त कर रहे है। उन्होंने कहा कि विकसित संकल्प भारत यात्रा में हमारे शहरों की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोरोना काल में केन्द्र सरकार द्वारा गरीब तबके के लोगों को मुफ्त राशन प्रदाय किया गयाए मुफ्त वैक्सीन लगवाई गईए पीएम स्वनिधि योजना से हितग्राहियों को बैंको से सस्ता लोन मिला। उन्होंने कहा कि हर गरीब के पास पक्का मकान रहे इसके लिए पीएम आवास योजना संचालित की गईए इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकसित संकल्प भारत यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को भी शामिल करे और उनसे योजनाओं के बारे में दूसरों को अवगत कराने को कहा जाए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियो से वर्चुअली चर्चा भी की।

मानस भवन में आयोजित विकसित संकल्प भारत यात्रा समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने कहा कि विकसित संकल्प भारत को हम सब को मिलकर आगे बढाना होगा इससे देश, प्रदेश आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि हर गरीब किसानों तक केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा एवं सभी मिलकर देश को विकसित करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणरी योजनाओ का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना है, इस यात्रा में भी लोग शामिल होकर सफल बनाएं। विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाकर हर व्यक्तियों के जीवन में खुशहाली और बदलाव लाना हैए कोई भी पात्र हितग्राही जो वंचित किसी योजना से वंचित है उन्हें इस यात्रा के दौरान उन्हें लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हैए हर व्यक्ति को जिम्मेदारी समझकर कार्य करना है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसका उदेश्य योजनाओं का लाभ वंचित लोगो तक पहुंचाना है। लोगों को योजनाओं प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संभावित लाभार्थियों का नामाकंन किया जाएगा तथा हितग्राहियों का चयन कि जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। विकसित संकल्प भारत यात्रा के तहत हर दिन 2 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, वही कृषि विभाग, खाद्य विभागए पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिनका निरीक्षण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिको को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष नगरपलिका प्रवीण शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, समाजसेवी संतोष लोहानी, सूर्यकांत निराला सहित अन्य प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### श्रमोदय आवासी विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी को

**शहडोल ।** प्रभारी सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी दी है कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त निःशुल्क शिक्षा के लिए भोपाल, इन्दौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में श्रमोदय विद्यालय संचालित हैं। उक्त विद्यालयों में प्रतिवर्ष कक्षा 6 में प्रति विद्यालय 160 विद्यार्थियों एवं कुल 640 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के पाल्यों को श्रमोदय विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। इस वर्ष की प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी को सम्पन्न होगी। प्रवेश परीक्षा संबंधित अधिक जानकारी के लिये श्रमोदय पोर्टल पर उपलब्ध है।

### रामनगर थाने में हुई धर्म गुरुओं, मौलवी और पुजारी की बैठक



**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार (भारतीय पुलिस सेवा) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह एवं एसडीओपी कोतमा वीरेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को पुलिस थाना रामनगर में थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थल मंदिर एवं मस्जिद के धर्म गुरुओं मौलवी एवं पुजारियों की बैठक का आयोजन किया गया। थाना रामनगर में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ. मोहन यादव के निर्देश उपरांत मध्यप्रदेश शासन द्वारा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध उपयोग पर नियंत्रण हेतु जारी निर्देश बताए गए। बैठक में थाना प्रभारी रामनगर टीआई अरविंद जैन ने थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में ध्वनि विस्तार का यंत्रों लाउडस्पीकर के बेजा इस्तेमाल रोकने के संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश वाले परिपत्र से सभी को अवगत कराया गया। इस अहम बैठक में नूरी मस्जिद राजनगर के हाजी शमसुद्दीन, इमरान खान, रामनगर मस्जिद के जमालुद्दीन एवं मोहम्मद जन्नतब, शंकर मंदिर न्यू राजनगर से माखनलाल गौराहा, हनुमान मंदिर काली मंदिर जोड़ा तालाब के पुजारी रामचंद्र दास, शनि मंदिर से शिव शंकर शर्मा, शिव मंदिर शांति नगर से पंडित देवेंद्र कुमार मिश्रा, जलेश्वर मंदिर सुभाषनगर कालोनी से ध्रुव मिश्रा, राधा कृष्ण मंदिर राजनगर से मोहन सिंह, नगर परिषद बनगवां (राजनगर) से धनंजय यादव एवं अखंड प्रताप सिंह उपस्थित हुए। सभी धर्म गुरुओं ने स्वयं की सहमति से मध्यप्रदेश शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में जारी निर्देशों का पालन किए जाने हेतु सहमति प्रदान की। बैठक का असर भी सामने आया। नूरी मस्जिद सीआरओ राजनगर के प्रबंधकों ने अपने स्वयं की सहमति से मस्जिद की मिनार पर लगे हुए चार लाउडस्पीकर चोंगा हटाए।

## बिलों का हो रहा भुगतान, अफसर चुप्पी साधे बैठे

# चोरी की रेत से पंचायत में हो रहा सड़क निर्माण

**उमरिया।** जिले का करकेली जनपद भर्रेशाही की चरम सीमा लांघ चुका है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी उस पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं हैं। प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है जबकि भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त लोग रकम पीट कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। हर जगह अनियमितता का बोलबाला है। लेकिन अफसरों का इस बात से कोई सरोकार नहीं रहता है। शासन का खजाना तो खाली हो रहा है लेकिन जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। ग्राम पंचायत महिमार में भी इसी तरह अंधेर मची हुई है, लेकिन निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा नहीं हो रही है। रेत की खदाने बंद हैं फिर भी बिल लगाए जा रहे हैं।




### सड़क निर्माण में हो रहा खेल

जनता की आवाजाही सुविधा के लिए एक सीसी सड़क 15 जून को स्वीकृत हुई थी। जिसका निर्माण 25 सितंबर 23 से शुरू हुआ था। बताया जाता है कि ग्रामपंचायत द्वारा एक ओर तो सड़क का गुणवत्ताविहीन निर्माण कराया जा रहा है और दूसरी ओर आराध्या ट्रेडर्स नामक एक वेण्डर संस्था द्वारा ताबड़तोड़ ढंग से रेत की सप्लाई की जा रही है। जो रेत लाई जा रही है उसके बिल भी पास हो रहे हैं। जनपद सीईओ को इस बात से मतलब नहीं कि रेत की जब वैधानिक खदाने बंद हैं तो रेत कहां से लाई जा रही है? निश्चित ही रेत की आपूर्ति अवैधानिक ढंग से हो रही है और चोरी की रेत पर शासन का पैसा व्यय किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि चोरी का माल खरीदना अथवा उसका उपयोग करना भी अपराध की श्रेणी में ही आता है।

### खनिज विभाग भी कमीशन ले रहा

खनिज विभाग की हालत तो यह है कि चाहे रेत की वैधानिक खदाने चलें अथवा अवैधानिक चलें उसे कमीशन सब तरफ से मिलना है। उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह भी खदानों की फिक्र में दुबला नहीं होता, न ही वह धरपकड़ करने जाता है। उसे यह कहने में भी गुरेज नहीं होता कि उसे नहीं मालुम कि अवैध खदाने कहां कहां चल रहीं हैं। क्योंकि उससे पूंछ कर कोई अवैधानिक काम नहीं करता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर जब मुखबिर उसे अवैध उत्खनन की सूचना देते हैं तो अधिकारी के कारिंदे पूर्व से ही सूचना दे देते हैं। इसके बाद दबिश डाली जाती है। स्थल पर कुछ नहीं मिलता है, मुखबिर को ही झूठा साबित कर देते हैं।

### सड़क का जायजा नहीं

सीईओ जनपद ने कभी महिमार गांव का भ्रमण कर यह देखने की जरूरत नहीं समझा कि आखिर सड़क किस तरह बनाई जा रही है। जितना बजट स्वीकृत हुआ है उस अनुरूप काम हो रहा है या नहीं। मटेरियल की लत्ता लपेटी कर अधिकांश बजट डकारा जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि घटिया निर्माण के कारण कुछ ही दिनों मे सड़क नष्ट हो जाएगी और आवाजाही की कठिनाई फिर उसी तरह से उत्पन्न हो जाएगी। शासन का बजट खत्म हो जाएगा लेकिन हालत जस की तस ही रह जाएगी।

### जिला पंचायत सीईओ भी निष्क्रिय

जिला पंचायत सीईओ अगर चाहें तो प्रशासन के निचले अधिकारियों के सारे ढीले पेंच टाइट कर सक ते हैं। दो चार दिन वे अगर फील्ड का स्वयं मौका मुआयना करें तो उनके सामने सारी स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी। लेकिन वे भी झंझट में पड़ने की बजाय सीईओ जनपद की ही जमात में शामिल होना और लाभ कमाना ही ठीक समझते हैं। शासकीय दायित्व का ईमानदारी से पालन करने का पक्षधर कोई अधिकारी दिखाई नहीं पड़ता सब चोरों की पंगत में बैठकर मलाई छानना चाहते हैं। इसीलिए शासन की गौण खनिज सम्पदा बुरी तरह लुट रही है और उसके निगहबान मदहोशी के आलम में मस्त हैं।

# बिजुरी थाना क्षेत्र में जुआं और सट्टा खाकी के साख पर लगा रहा बट्टा




**बिजुरी।** थाना क्षेत्र में अवैध जुएं और सट्टा का कारोबार धीरे-धीरे अब व्यापक स्तर पर पैर पसार चुका है। एक तरफ सट्टा माफिया एक के अस्सी का लालच देकर नगर के चौक-चौराहों सहित भिन्न-भिन्न दुकान व स्थानों पर अपने गुर्गों को बैठाकर खुलेआम नियम-कानून कि धज्जियां उडा.रहा है वहीं दूसरी तरफ बेखौफ होकर जुआ कारोबारी अलग-अलग स्थानों से जुआरियों को बुलाकर जुआ का फड़ संचालित कर, नाल वसूल रहा है। जिन पर कार्यवाही करने का सामर्थ्य बिजुरी पुलिस नही दिखा पा रहा है।

### अवैध कारोबारों को मिली पुलिस की सहमति

जिम्मेदार पुलिस विभाग का काम वैसे तो संवैधानिक तौर पर कानून के प्रतिपालन कि जिम्मेदारी है। किन्तु थानाक्षेत्र बिजुरी में जुएं और सट्टा का अवैध कारोबार जिस कदर बेखौफ संचालित है। संचालित इन कारोबारों पर स्थानीय पुलिस जानकर भी अंजान बना बैठा है। जिससे स्थानीय खाकी की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठ रहा है वहीं इन जिम्मेदारों द्वारा अवैध कारोबारियों को दी गई मूक सहमति की चर्चाएं भी नगर सहित जिलेभर में व्याप्त है किन्तु दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि जिले के आला अधिकारी भी स्वयं के विभाग के कारनामों पर चुप्पी साधे बैठे हैं। जो अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

### नहीं बदले हालात

हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रदेशभर से प्रचण्ड बहुमत हासिल हुआ। जिसके बाद पार्टी संगठन ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बदलकर प्रदेश की बागडोर मोहन यादव के जिम्मे सौंप दिया। लिहाजा नया मुख्यमंत्री प्रदेश वासियों को मिलने के बाद से कयास लगाया जा रहा था कि प्रदेशभर कि कानून-व्यवस्था में सुधार आएगा, किन्तु आदिवासी बाहुल्य अनूपपुर जिला क्षेत्रान्तर्गत बिजुरी थानाक्षेत्र में बेखौफ संचालित भिन्न-भिन्न अवैध कारोबारों पर पुलिस अमला द्वारा नकेल ना कसना संकेत देता है कि प्रदेश कि सत्ता में सिर्फ चेहरा बदला है हालात वही है।

# योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे : कुमार राहुल

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में भारत सरकार द्वारा जिले हेतु नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी कुमार राहुल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ जिले के दूरस्थ ग्रामों के लोगों तक पहुंचना चाहिए, कोई भी योजना के पात्र हितग्राही वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी बेहतर समन्वय के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाए।



बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने नोडल अधिकारी को बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में बताया कि जिले विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु रूट चार्ट एवं शिविर स्थल निर्धारित कर दिया गया है और जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षाए गुणवत्ता शिक्षाए स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। यह वैन सभी नगरीय निकायों में भी जाएगी तथा पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# नाम की कोतमा पुलिस, चोरों पर नहीं लगाम लगातार हो रही चोरियों से खौफजदा नगरवासी

**कोतमा।** नगर में हो रही चोरी लूट की घटना एवं ठगी के मामले को रोक पाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिसके कारण आम नागरिक अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि जिस तरह से नगर में तीन-चार माह से लगातार चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है उससे यह लग रहा है कि कोई भी नगर का व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। यदि घर से कहीं बाहर जाना है तो या तो एक व्यक्ति को घर में रख कर जाए इसी तरह ठगी के मामले को लेकर पुलिस के प्रति व्यापारियो में आक्रोश व्याप्त है। नगर में लगातार हो रही चोरी की घटना में बिगत तीन-चार माह से जिस तरह से इजाफा हुआ है पुलिस पूर्व के चोरी के मामलों का खुलासा नहीं कर पाई।

### नहीं रूक रहा चोरी का सिलसिला

18 नवंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में रामदास नामदेव के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी करते हुए उसके घर के अलमारी में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित साड़ी एवं




10000 नगद चोरी कर ले गए जिसकी लिखित शिकायत रामदास नामदेव के द्वारा थाने में की गई थी पुलिस ने बड़ी मुश्किल से मामला तो दर्ज कर लिया वही रामदास के द्वारा सीसी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करवा दिया गया लेकिन एक माह बीतने को है लेकिन अभी तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई। चोरी की घटना की स्याही सूखी भी नहीं थी कि नगर में एक व्यापारी को ठगने का मामला सामने आया था जिसमे भी 1 माह होने को है पुलिस अभी तक मामला दर्ज नही की और ना ही ठग तक पहुंच पाई। बताया जाता है कि नगर के बीच बाजार में स्थित फूलचंद अग्रवाल की किराना दुकान में तीन दिन पूर्व एक तक के द्वारा नगर 30000 व्यापारी से ठक्कर रफू चक्कर हो गया व्यापारी के द्वारा उसका भी सीसी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाया गया लेकिन पुलिस अभी तक ठग को पकड़ने में नाकाम साबित हुई।

इसी तरह 26-27 नवंबर की दरमियानी रात बीच बाजार सब्जी मंडी के सामने डकैती का असफल प्रयास करने वाले आरोपियों तक भी पुलिस अभी तक नहीं पहुंच पाई। इतना ही नहीं नगर के सटा गांव बुढानपुर के पतेराटोला गांव मे भी लूट करते हुए वृद्ध महिला संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में मिली थी जिसकी भी शिकायत परिजनों के द्वारा थाने में की गई थी और मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी थी लेकिन आज तक उस मामले का भी खुलासा पुलिस के द्वारा नहीं किया गया।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 4 निवासी निर्मल कुमार जैन के सुनने मकान में 1 नवंबर की शाम 6:00 बजे के लगभग अज्ञात चोर के द्वारा घर में घुसकर अलमारी में रखे पैसे चोरी कर लिए गए थे जिसकी शिकायत लिखित में थाने में की गई थी लेकिन आज तक पुलिस के द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया यहां तक की फरियादी के द्वारा दारी टोला निवासी एक नाबालिग आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले भी किया गया था और आरोपी ने चोरी करना स्वीकार भी किया था लेकिन पुलिस आज तक उस मामले में भी पुलिस कुछ नहीं कर पाई। इसके पूर्व नगर में एक दर्जन से ऊपर चोरी की वारदात घटित हो चुकी है लेकिन अभी तक पुलिस उन चोरियों का भी खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। नगर में लगातार अपराधी घटना में हो रही वृद्धि को लेकर नागरिकों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

# नगर पालिका की लापरवाही से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह रहा व्यर्थ



### जानकारी देने के बाद भी नही की जा रही ठोस कार्यवाही

**कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत के काम्प्लेक्स दुकान के सामने देबू किराना स्टोर के पास पीने के पानी का लीकेज होने की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। कई बार शिकायत करने के बाद काम चलाऊ मरम्मत से कुछ दिन तो ठीक रहता है और बाद में फिर समस्या जस की तस। प्रतिदिन पीने का पानी व्यर्थ सड़क पर बह रहा है। नागरिकों ने बताया कि नगर में ऐसे कई स्थान है जहां पर जल का लीकेज होने से सैकड़ो लीटर पानी व्यर्थ सड़कों पर बहता रहता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कभी-कभी इतना पानी बहता है कि पूरी सड़क भर जाती है जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यहां पर चेंबर भी बनाया गया है लेकिन उसके बाद भी लीकेज होने के कारण पानी व्यर्थ में बह रहा है। यही हाल मनेद्रगढ़ रोड में पानी फिल्टर जाने वाले रास्ते में है जहां पानी लीकेज होने के कारण सड़कों पर व्यर्थ में पानी बहता रहता है। जबकि कई बार नल जल योजना के कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी दी गई लेकिन उसके बाद भी ईश्वर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में हजारों लीटर पानी बेवजह सड़क पर बढ़कर बर्बाद हो रहा है।

# अस्पताल परिसर में ही कचरों का किया जा रहा निपटान

### मरीज, डॉक्टर, रहवासी और राहगीर भी परेशान

**कोतमा।** नगर के अस्पताल परिसर में आए दिन कचरा जलाए जाने से लोगों की जान पर बनने लगी है। मरीज, डॉक्टर, रहवासियों के साथ ही इस मार्ग से निकलने वाले राहगीर भी परेशान है। जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। अस्पताल में बड़ी संख्या में प्रतिदिन मरीज पहुंचते है। यहां मरीजों को भर्ती कर उपचार भी किया जाता है। चौबीसों घंटे स्टाफ मौजूद रहता है। इसके अलावा स्टाफ और डॉक्टर के लिए यहां आवासीय कॉलोनी भी बनी हुई है। अस्पताल



मे दिन-रात आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद आए दिन अस्पताल परिसर में ही कचरा जला दिया जाता है। इससे धुआं चारों तरफ फैलता है। महीने-पंद्रह दिन में कचरा इकट्ठा होते ही इसे जला दिया जाता है। शनिवार को भी सुबह यहां कचरा जला दिया गया। इसका धुआं चारों तरफ फैल गया। अस्पताल की आवासीय कॉलोनी के रहवासी तो धुए की वजह से घरों में कैद होकर रह गए। अस्पताल मे आवाजाही करने वाले वाहन चालक भी किसी तरह धुंए से बचते हुए निकलने को मजबूर हुए। दोपहर तक यहां धुआं उठता रहा। इस मामले में अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने अवश्य कहा कि किसी भी तरह यह कचरा यहां जलाने बंद करवा दों। कुछ जिम्मेदारों ने यह भी कहा कि हमें नहीं मालूम कि कौन यहां कचरा जलाकर चला गया।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, छोटे व्यापार वालों के लिए लाभप्रद

**कटनी।** केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में शहरों में सड़कों के किनारे छोटे-मोटे काम धंधे करने वालों को बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी ब्याज के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी मिल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जोड़ने के लिए यूपीआई-आईईडी और यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर प्रतिवर्ष 1200 रूपए की अतिरिक्त राशि दी जाती है। अगर हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुका दिया जाता है तो उसे वर्ष में 20 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। जैसे-जैसे स्ट्रीड वेंडर अपना कार्य आगे बढ़ायेंगे वैसे ही उनको मदद बढ़ती जाएगी और वे आत्म निर्भर होते चले जाएंगे। चाय-पान की दुकान, चाट, मूंगफली बेचने, पंचर बनाने, जूते सुधरवाने, सैलून चलाने या झाड़ू बेचने आदि का कार्य करने वाले कई नागरिकों को योजना में लाभांवित किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### झिरिया टोला में हो रहे भ्रष्टाचार

**ब्यौहारी।** झिरिया टोला मे हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ राजकुमार पटेल ने लगाया सूचना का अधिकार(R.T.I.) जयसिंहनगर



ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरिया टोला मे पदस्त सरपंच उपसरपंच सचिव रोजगार सहायक यहा तक कि इंजीनियर भी भ्रष्टाचार मे संलिप्त है। कभी भी पंचायत समय से नही खुलता गाँव कि जनता अपने कामों के लिए भटकाते रहते है। 2021 से 2023 के बीच हुए सभी कामों मे मनमानी तरीके बिना मूल्यांकन के पैसे एडवांस मे पैसे निकलना ग्राम पंचायत मे हो रहे पीसीसी रोड को कमजोर तरीके से बनवाना जिसमे ना तो पॉलीथिन लगाया जा रहा है ना ही बाइब्रेटर चलाया जा रहा है। और ना ही इस्टीमेट के हिसाब से काम हो रहा है जिसमे पंचायत इंजीनियर भी संलिप्त है। ग्राम मे हुए कचड़ा घर और नाडप के काम का मजदूरी अभी तक मजदूरों को पैसे नही मिले । जिससे ग्राम पंचायत के गरीब जन परेशान है।खटखरिहा तालाब के गहरीकरण का कुल कम लगभग सात दिन हुआ लेकिन पंचायत के कर्मचारियो ने मिलजुल कर ऐसे लोगो का हाजिरी लगाकर पैसे ले लिए जो कभी काम मे गये ही नही। और छतैना से उकठा सरई तक के मुर्मीकरण मे पांच ट्राली मुरुम गिराकर एक्स्ट्रा पैसे निकाले गये। और ग्राम पंचायत सहायक रोजगार नीलेश कुशवाहा समग्र आईडी हो या राशन कार्ड हो या जन्म प्रमाण पत्र हो या मृत्यु प्रमाण पत्र हो या फिर कोई भी काम हो इन सब निशुल्क कामों के पैसे ग्राम पंचायत के गरीबो से वसुली करता है। इसलिए राजकुमार पटेल ने जनहित और गरीबो हक के लिए सूचना का अधिकार लगाया।और भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल करकी के महामंत्री श्री राजकुमार पटेल जी ने बताया कि यदि गरीबो के साथ पंचायती विभाग के किसी भी करचारी द्वारा गरीब मजदूरों को परेशान किया जाता है तो किसी को भी बक्शा नही जायेगा।

### सूफी इकरा समिति व नेशनल अस्पताल

**रीवा।** सूफी इकरा समिति और नेशनल अस्पताल रीवा के सौजन्य से रीवा के घोघर स्कूल में विशाल स्वास्थ्य शिविर होने जा रहा है इसमें नेशनल अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर अखिलेश पटेल जो जनरल सर्जरी एवं कैंसर सर्जरी से संबंधित मरीजों की जांच एवं परीक्षण करेंगे डॉक्टर मनोज इंदुरकर सर एवं डॉक्टर उमेश प्रताप सिंह सर मेडिसिन विभाग में मरीजों को सेवाएं देंगे साथ ही साथ शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर वाद त्रिपाठी सर मरीजों की जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे इस शिविर में आर्थोपेडिक के डॉक्टर डॉक्टर विमल सिंह गायनी के डॉक्टर डॉक्टर पूजा गंगवार एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप सिंह भी अपनी सेवाएं देंगे यह सिविल पूर्णता निशुल्क रहेगा इस शिविर में कैंसर की जांच सामान्य मेडिसिन से संबंधित जांच एवं महिलाओं में बच्चेदानी से संबंधित जांच जिसे पाइप इंजीनियर कहते हैं एवं पुरुषों में होने वाले मुंह के चले जो कि कैंसर की शुरुआती लक्षण को बताते हैं उसकी जांच की जाएगी साथ ही साथ दमा के मरीजों को पानमल्टी फंक्शन टेस्ट जो की एक विशेष प्रकार की मशीन है वह भी जांच निशुल्क शिविर में उपलब्ध रहेगी डॉ विमल सिंह जो की ऑर्थोपेडिक सर्जन है उनके माध्यम से बोन मैरो डेंसिटी जिससे हड्डियों का घनत्व भी जांचा जाएगा यह उम्र बढ़ाने के साथ-साथ हड्डियों का घनत्व जनता में काम होता जाता है जिससे कई तरह की बीमारियां होती है इस मशीन के माध्यम से हम मरीजों को बीमारी का पहले ही पता लगा सकते हैं साथ ही साथ एक शुगर बीपी ऑक्सीजन की क्षमता मरीज का वेट हाइट एवं अन्य और कई जांच शिविर में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगे साथ ही साथ दावों का वितरण भी निशुल्क किया जाएगा शिविर का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा।

# आंदोलन : रामपुर मेगा प्रोजेक्ट से कोयला उत्पादन, डिस्पैच का काम ठप्प

रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में खदान खोलकर कोयले का उत्पादन और डिस्पैच का कार्य तो आरंभ कर दिया गया लेकिन भूमि स्वामियों किसानों की समस्याओं का समाधान अब तक नहीं किया गया है। सन 2010-11 में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की गई 2016 में मुआवजे का भुगतान प्रारंभ हुआ, उसके बाद रोजगार देने का सिलसिला शुरू कर ढाई सौ रोजगार दिए गए और उसके बाद भूमि स्वामियों किसानों को बेवकूफ बनाने का सिलसिला शुरू हो गया।





धनपुरी।

इसके विरोध में पीड़ित किसानों ने पहले अल्टीमेटम दिया, फिर 15 दिसंबर को अनशन पर बैठ गए और अब 16 दिसंबर को खदान में उत्पादन और डिस्पैच का काम बंद कर दिया।

एसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल को जीवनदान देने और उसे एक बड़े घाटे से उबारने के उद्देश्य से शुरू किये गए रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट अब एसईसीएल और जिला प्रशासन के गले की फांस बनता नजर आ रहा है। सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन ने आनन-फानन में कोयला उत्खनन डिस्पैच का कार्य तो आरंभ कर दिया लेकिन जिन किसानों की भूमिका अधिग्रहण कर प्रोजेक्ट को वास्तविकता के धरातल पर उतारा गया उन्हीं किसानों की जायज मांगों को पूरा कर पाने में असफल भी रहा और सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन की इसी असफलता ने एक नई समस्या खड़ी कर दी। मैनेजमेंट की कथित लापरवाही के कारण अपने जायज हक से वंचित किसानों ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया जिसके कारण शनिवार को रामपुर खुली खदान से कोयले का उत्पादन और डिस्पैच ठप हो गया।

### कुल ढाई सौ रोजगार

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2010-11 में रामपुर बेलिया खांड़ा आदि गांव में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गई थी। फिर एसईसीएल के करिंदों द्वारा कागजी कार्यवाही करते हुए 2016 में मुआवजे का भुगतान प्रारंभ किया गया और, फिर रोजगार देने सिलसिला शुरू हुआ। 2022-23 से रोजगार की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। थोड़ी कृपा एसईसीएल और जिला प्रशासन की हुई तो ढाई सौ रोजगार रामपुर और बेलिया के किसानों को दिया गया।

### खदान में काम ठप्प

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक - किसान नेता भूपेश शर्मा ने बताया कि हम किसानों के साथ लगातार छलावा किया जा रहा है और केवल एसईसीएल दोषी नहीं हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा जिला प्रशासन भी दोषी है, कोयला खदान खोलकर तेजगति से कोयले का भंडारण एवं डिस्पैच का काम हो रहा है और किसानों की समस्याएं बढ़ती जा रही है, कुछ मुख्य मुद्दे हैं जिनको लेकर किसान अब एकजुट होकर 15 दिसंबर से आवाहन कर दिया है, किसी तरह से सुनवाई नहीं होते देख 16 दिसम्बर से कोयला उत्पादन डिस्पैच बंद कर दिया गया है।

### आश्वासन पर्याप्त नहीं

रामपुर खदान के समीप आंदोलन पर बैठे पीड़ित किसानों भूमि स्वामियों ने चेतावनी भरे स्वर में अपनी बात कही है उनका कहना है कि अब हम आश्वासन पर बात नहीं मानेंगे। प्रबंधन और प्रशासन मौके पर आए किसानों की समस्या का समाधान करें और खदान चालू करें -समस्या का समाधान नहीं होगा तो खदान अनवरत बंद रहेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी एसईसीएल और जिला प्रशासन की होगी।

### यह हैं प्रमुख मांगें

अपनी मांगों से अवगत कराते हुए आंदोलन रथ किसने भूमि स्वामियों ने मांग की कि धारा 9, 1 अन्तिम नोटिफिकेशन 21 जनवरी 2016 आदेश की प्रति उपलब्ध कराया जाए और उसके कारण रुके फाइल में तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए, आर. एंड आर. की राशि 10 लाख प्रति परिवार के हिसाब से भुगतान किया जाए, पुनर्वास हेतु जमीन चिन्हित कर कार्यवाही शुरू किया जाए, रोजगार की रूकी फाइल जैसे गुप्ता परिवार को 2 वर्षों से रोका गया है, इसके साथ अन्य रोजगार में समय निश्चित किया जाए, क्वारी कम से कम निकाला जाए, देरी करने वाले अधिकारियों को उपस्थित कर राजस्व विभाग के जिमेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर निराकरण किया जाए, प्राइवेट कंपनियों जो रामपुर बटूरा प्रोजेक्ट में काम कर रहें उन्हें 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल भर्ती कराया जाए, रुके मुआबजा पेड़, पौधे, जमीन, मकान अन्य परिसंपत्ति का भुगतान किया जाए, कोयले की लोडिंग-अनलोडिंग से लगे आदि का काम स्थनीय ग्राम पंचायत समिति को दी जाए, छोटे-छोटे काम की जिम्मेदारी, रामपुर, खांड़ा, बेलिया आदि गांव को दिया जाए।

### स्थानीय को मिले वरीयता

आंदोलनरत भूमि स्वामियों का कहना है कि ठेकेदार यहां भी है। विसंगति में लंबे समय से किसानों की जमीन के मुआवजे का भुगतान नहीं हो सका उसे तत्काल कराया जाए, बल्कि मुआवजा न देकर किसानों की शेष जमीन बच्ची को दवाब बना कर सरेंडर कराया जा रहा उसे वापस कराया जाए, कुछ किसानों को मुवाबज मिल गया जमीन अधिग्रहण नहीं हुआ अधिग्रहण करते हुए रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उक्तशाय की जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने बताया कि जीएम, सबेरिया मैनेजर अनुरुद्र सिंह, टीआई अमलाई सहित किसानों से बात करने पहुंचे लेकिन किसान अपने मांगो पर अड़े रहे, इसी जगह पर मांग पूरा हो तभी पीड़ित भूमिस्वामी किसान उठेगा नहीं तो आन्दोलन जारी रहेगा।



# अक्षत कलश यात्रा की शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया

ब्योहारी

नगरपरिषद क्षेत्र में अक्षत कलश के शोभा यात्रा का स्वागत हुआ उसके बाद देवी मंदिर (मढुलिन) से प्रारम्भ हुआ ये *अक्षत कलश शोभायात्रा 22 जनवरी 2024 अयोध्धा जी में रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण स्वरूप अयोध्या से अक्षत कलश को नगर भ्रमण में सभी धार्मिक स्थल होते हुऐ लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग से राममंदिर रोड़ पंचायत मंदिर रोड होते हुऐ हनुमान मंदिर राधाकृष्ण मंदिर के पास सम्पन्न हुआ जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक एवं धार्मिक और सामाजिक लोगों भाग ले कर पुण्य लाभ उठाया नगर भम्रण करते हुऐ सब लोगों तक रामलाल जी कि प्राण प्रतिष्ठा का सन्देश दियामहिला पुरूष एवं धार्मिक व सामाजिक तथा आस पास के ग्रामीण अंचल के लोगों ने भाग लिया।

# आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा को सुनने उमड़ेंगे श्रद्धालु

धनपुरी।

कॉलेज कॉलोनी स्थित मां विंध्यवासिनी दुर्गा मंदिर के समीप स्थित परिसर में भव्य संगीतमयी श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ 17 दिसंबर को हो रहा हैं। आपको बता दें कि आज 17 दिसंबर को भव्य गाजे बाजे के साथ सुबह 12:00 बजे से मां विंध्यवासिनी दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के कॉलेज तिराहा एवं मुख मार्ग से होते हुए कथा स्थल पर ही इसका समापन होगा... इस सप्ताह ज्ञान यज्ञ की रोचक बातें यह है कि इस भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के कथावाचक परम पूज्य श्री व्यास जी अनिल शास्त्री, श्री धाम




वृंदावन मथुरा, होंगे जिनके मुखारविंदु से श्रोता और श्रद्धालु कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। वही यजमान के रूप में उमा श्रीवास्तव पति स्वर्गीय दीपनारायण श्रीवास्तव मौजूद रहेगी.. आपको बता दें कि यह भागवत कथा 17 दिसंबर से 24 दिसंबर तक अनवरत चलेगा, जहां अंतिम दिन पूर्ण आहुति एवं भंडारा के पश्चात कथा का समापन किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री ने नई मंडी प्रांगण से दिखाई 12 वाहनों को हरी झंडी, किया रवाना

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

### प्रदेश भर के किसानों को मिली एक बड़ी सौगात

रीवा !

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा नई मंडी प्रांगण से किया गया।कार्यक्रम में रीवा सांसद जनार्दन मिश्र, संभाग के कॉमिसिनर अनिल सुचारी एवं जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल,कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि एवं सभी अधिकारी के साथ नगर के आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिसमें नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा तरल रसायन के छिड़काव हेतु ड्रोन का प्रदर्शन किया गया, जिसमें कृषकों द्वारा गहरी रुचि ली गई। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश सरोंजा एवं जिला प्रभारी प्रतीक दुबे द्वारा ड्रोन का संचालन , ड्रोन की कार्यप्रणाली एवं इसके उपयोग से होने




वाले लाभ को समझाया गया एवं बताया गया कि शासन द्वारा रीवा जिलों मे निर्धारित मार्ग पर समस्त ब्लॉक की समस्त पंचायतों में कृषि विभाग के निर्देशानुसार कल से दिनांक 25.01.2024 तक कृषकों के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने वर्चुअल किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ने के लिए आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रीवा से भी किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल यात्रा में शामिल होकर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रीवा के सिरमौर चौराहे में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सहित सांसद जनार्दन मिश्रा शामिल रहे इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग और योजनाओं के हितग्राही मौजूद रहे. रीवा में कुल 12 वाहनों को डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है यह वाहन जिले के आठों विधानसभा के हर गांव में जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम करेगी. रीवा जिले में मोदी की गारंटी की गाड़ी आठ विधानसभा के लिए 12 गाड़ियां मिली थी जिन्हें आज रवाना किया गया है. यह गाड़ी जब गांव-गांव शहर शहर में घूमेगी तो गरीब जिसे योजनाओं का लाभ नहीं मिला वह जब एलईडी स्पीड में चल रही योजनाओं का लाभ के बारे में दिखेगा सुनेगा तो जरूर इस योजना से लाभ लेने का प्रयास करेगा. जो जन कल्याणकारी योजनाएं जो प्रधानमंत्री जी ने चलाई है उन योजनाओं को इस वाहन के माध्यम से आमजन और गरीबों तक के गुना तक पहुंचाने का और प्रचार प्रसार करने का काम किया जा रहा है.यह यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी इस यात्रा के माध्यम से लाखों लोग योजनाओं से लाभान्वित होंगे.

# वाहन चेकिंग के दौरान सोहागी पुलिस ने हेरोइन मादक पदार्थ के साथ तीन नव युवकों को किया गिरफ्तार

रीवा !

थाना सोहागी में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक शारदा प्रसाद तिवारी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रयागराज उ.प्र. तरफ से वाहन मोटर सायकल क्रमाक MP17NB-2518 हीरो एचएफ डीलक्स में तीन व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन रीवा तरफ ले जा रहा है उक्त सूचना को सहायक उपनिरीक्षक व्दारा एनडीपीएस एक्ट प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियो से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर बिना समय गवाये थाना में उपस्थित बल के साथ एनएच 30 रोड सोहागी बाईपास स्वास्तिका रेस्टोरेन्ट के सामने वाहन चेकिग लगाई गई कुछ ही समय पर मुखबिर के बताये अनुसार वाहन क्रमाक MP17NB-2518 मौके पर आया जिसे रोक कर चालक विधि आपचारी बालक के साथ अन्य मोटर सायकल में सवार व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो मोटर सायकल के बीच में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम राहुल कुमार पासी पिता राजू पासी उम्र 24 वर्ष निवासी 41/47 ए खरिया नेहरु पार्क रोड धूमनगंज थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज उ.प्र. तथा मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति ने अपना नाम सौरभ कुमार पासी पिता राजाराम पासी उम्र 22 वर्ष निवासी 99 खरिया नेहरु पार्क रोड धूमनगंज थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज उ.प्र. का होना बताया जिसकी तलाशी पर 15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन, नगदी 1900 रुपये एव 04 नग मोबाइल फोन प्राप्त हुई जिसके

**15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन, नगदी 1900 रुपये एवं 4 नग मोबाइल फोन प्राप्त**

रखने विक्रय करने एव परिवहन करने का कोई वैध लायसेन्स नहीं होने से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपीगण एव आपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया।जप्त हुआ मसुरुका 15 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन कीमती 60 हजार रुपया, नगदी 1900 रुपया, 04 नग मोबाईल फोन कीमती 17 हजार रुपया, मोटर सायकल क्रमाक MP17NB- 2518 कीमती 60 हजार रुपया कुल कीमती 138900 रुपया मुख्य भूमिका रही थाना प्रभारी सोहागी निरीक्षक गोकुलानंद पांडे, उनि. मृगेन्द्र सिंह सायबर सेल रीवा, सउनि. शारदा प्रसाद तिवारी, सउनि जगदम्बा पांडे पीआर आर. रामविरंजन रावत, आर. वृजेन्द्र जयसवाल, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. विशाल सिंह, आर. मीना मिश्रा, आर. सत्यम ओझा !

# 36वीं जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

रीवा !

जिला फुटबाल संघ रीवा के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का भाव्य शुभारंभ शहर के हृदय स्थल नवमी बटालियन एसएएफ के फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया इसमें आज का पहला मैच एसएएफ बॉयज विरुद्ध पुलिस बॉयज के बीच खेला गया जिसमें एसएएफ बॉयज टीम 7-3 गोल से विजय रही!दूसरा मैच यंग बॉयज विरुद्ध डिवाइन एफसी के बीच खेला गया जिसमें यंग बॉयज 1-0 गोल से विजय रही!आज उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा (बाबा) रहे और अध्यक्षता कु. मानसिंह (ताला हाउस) ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी अवनीश बंसल उपस्थित रहे!मुख्य अतिथि ने खेल मैदान के अंदर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल किक करके 36वी जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता वर्ष 2023 का शुभारंभ किया एवं दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी एवं आयोजन समिति को आगामी फुटबॉल प्रतियोगिता में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया प्रतियोगिता शुरू होने के पूर्व राष्ट्रगान का आयोजन किया गया सभी खिलाड़ी एवं अतिथियों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया स्वागत भाषण जिला फुटबॉल सचिव मोहम्मद कासिम खान ने किया कार्यक्रम का संचालन कुंदन अग्निहोत्री ने किया आज के मैच में निर्णायक की भूमिका में विनोद शुक्ला, निलेश तिवारी, बृजभान रावत, सुमित सिंह बघेल रहे उक्त अवसर पर (पूर्व प्रोफेसर) अम्रुल्लाह खान, (पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर) इंद्रभान द्विवेदी लखन लाल खंडेलवाल, सोहन सिंह, राम कीर्ति शर्मा विक्रम सिंह (राजू) डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, सब-इंस्पेक्टर धीरज द्विवेदी, गोपाल सिंह, अमित चतुर्वेदी, छोटे खान, हाजी शब्बीर, मोहन सिंह, गुल अहमद, दिनेश सिंह, अत्ताउल्लाह खान, मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कोतवाली अनूपपुर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर बैठक संपन्न



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अंजलि द्विवेदी, तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा अनूपपुर, एसडीओपी अनूपपुर, कोतवाली निरीक्षक अनूपपुर अमर वर्मा, पटवारी रूपनारायण प्रजापति एवं मंदिर, मस्जिद के धर्म गुरुओं की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में मध्यप्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश उपरांत मध्यप्रदेश शासन द्वारा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध उपयोग पर नियंत्रण हेतु जारी निर्देश बताए गए। बैठक में कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अमर वर्मा ने कोतवाली क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर के बेजा इस्तेमाल रोकने के संबंध में प्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश वाले परिपत्र से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में मंदिर एवं मस्जिद के धर्मगुरु उपस्थित हुए। सभी धर्म गुरुओं ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में जारी निर्देशों का पालन किए जाने हेतु सहमति प्रदान की। मंदिर-मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों को चिन्हित कर उन्हें रोका जाएगा। आवासीय क्षेत्रों में पचास डेसिबल दिन में और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होना चाहिए। साइलेंट जोन में यह सीमा दिन में पचास और रात में चालीस रहेगी। कामर्शियल क्षेत्रों में दिन में 65 और रात में 55 से अधिक नहीं रहेगी।औद्योगिक क्षेत्रों में दिन में 75 और रात में 70 डेसीबल से अधिक शोर नहीं होना चाहिए। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। इसमें जिला प्रशासन,पुलिस मिलकर कार्यवाही करेगी।

## गैस सिलेंडर में लगी आग, किराना सहित अन्य सामान जलकर खाक




**कोतमा।** शुक्रवार की शाम लगभग सात बगैहा गांव निवासी रामगोपाल साहू के खपरैल मकान में रसोई में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई जिसके कारण रसोई में रखा किराना सामान सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की जानकारी परिजनों के द्वारा तत्काल कोतमा थाने एवं फायर ब्रिगेड को दी गई। कोतमा नगर पालिका का फायर वहां मौके पर पहुंचकर आज पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के कारण किसी प्रकार की जनहानि होने की खबर नहीं है। गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने के कारण गांव एवं आसपड़ोस में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था।


### अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा जल संसाधन विभाग

# रजिस्ट्री के चार माह बाद भी दर-दर भटकने को मजबूर हितग्राही

## प्रभावित भूमि स्वामी कार्यालय का चक्कर लगा-लगाकर हुये घनचक्कर

जिले के कोतमा अनुविभाग अंतर्गत गोहरारी परियोजना मे जल संसाधन विभाग के लापरवाहपूर्ण रवैये से प्रभावित भूमि स्वामी काफी परेशान हैं, परंतु जल संसाधन विभाग के कान मे जूं तक नही रेंग रही जबकि इसके लिए कलेक्टर कार्यालय से विभाग को बाकायदे पत्र भी जारी हो चुका है, परंतु जल संसाधन विभाग अपने कारस्तानी मे मस्त है वही प्रभावित भूमि स्वामी त्रस्त है, जो कार्यालय का चक्कर लगा लगाकर घनचक्कर हो चुके परंतु कोई सुनने वाला नही, यहां आये नये नवेले एसडीओ ने भी लापरवाही की हद पा कर दी है। जमीन मालिक से विभाग ने रजिस्ट्री तो करा ली, लेकिन मुआवजा देने मे गुरेज कर रहे है, ऐसा लगता है जैसे के अधिकारियों को अपनी जेब से मुआवजा देना पड़ेगा।



**फालोअप**

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी प्रभावितों को नही दे रहा मुआवजा

**अनूपपुर।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत केन्द्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है जिसके लिए विभिन्न बांध, जलाशयों समेत नहर का निर्माण कर खेतों तक पानी पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जल संसाधन विभाग को पूरी जिम्मेदारी दी गई है कि वह संबंधित भूमि का पहले सर्वेक्षण योजनाबद्ध तरीके से भूमि स्वामियों से आपसी समझौते के अनुसार भूमि अधिग्रहण करते हुये उसके एवज मे मुआवजा वितरित करे, लेकिन जिले मे जल संसाधन विभाग निरंकुश होकर मनमानी पर उतारू है। तभी तो प्रभावित दर बदर भटक रहे हैं और जल संसाधन को कोई मतलब ही नही हैं।

### यह है मामला

कोतमा अनुविभाग अंतर्गत गोहरारी परियोजना के लिए विभाग को जमीन अधिग्रहित कर नहर का निर्माण करना था जिसके लिए उसे अन्य जमीनों के अलावा खसरा नंबर 317 एवं 319 की जमीन अधिग्रहित करनी थी, लेकिन लापरवाह व सांठ गांठ मे माहिर अधिकारी कर्मचारियों ने संबंधित भूस्वामियों से लेन देन कर कदम टोला मे रिखीराम शर्मा की कब्जे दखल की भूमि खसरा नंबर 318 रकवा 0.073 की जमीन मे नहर का निर्माण बिना जमीन मालिक की सहमति व पूर्व सूचना के करा दिया गया। इसकी जानकारी लगने पर अब रिखीराम कार्यालय के चक्कर मुआवजा के लिए लगा रहे हैं, परंतु जल संसाधन विभाग सुनने को तैयार नही।

### कलेक्टर के आदेश को दिखा रहे ठेंगा

न्यायालय कलेक्टर जिला अनूपपुर द्वारा 28 मार्च 2023 को आदेश पारित कर व पत्र क्रमांक 2672 दिनांक 26 मई 2023 के तहत जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को गोहरारी जलाशय के मूल अवार्ड मे छूटे हुये भूमि स्वामियों की भूमि आपसी सहमति से क्रय किये जाने के संबंध मे आदेश दिया है परंतु मनमानी पर उतारू जल संसाधन विभाग न्यायालय कलेक्टर के आदेश की अवहेलना कर प्रभावितों को परेशान किया जा रहा है। इस मामले मे संबंधित विभाग लगातार टाल मटोल कर रहा है। मुआवजा मामले मे पीड़ित रिखीराम ने कहा कि यदि एक दो दिन मे जल संसाधन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती है तो इसकी शिकायत कमिश्नर सहित मुख्यमंत्री से करेंगे।

### एसडीएम ने भी दी थी समझाइश

ज्ञात हो कि इस मामले मे टाल मटोल से परेशान होकर 17 जून 2023 को एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत ने भी जल संसाधन विभाग के पूर्व एसडीओ एके परस्ते को फोन लगाकर उन्हे समझाते हुये कड़ी फटकार लगाई थी कि जब कलेक्टर साहब ने आपके विभाग को मुआवजा वितरण के लिए अधिकृत किया है तो आप क्यों लोगों को परेशान कर रहे हैं जिस पर एसडीओ ने दूसरे दिन से प्रभावितो को कार्यालय बुलाकर संबंधित कार्यवाही का आश्वासन दिया था, मगर उनके द्वारा टाल मटोल किया गया और इसी बीच उनका स्थानांतरण हो गया अब उनके स्थान पर सुरेश चंद्र शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया है, लेकिन द्वारा लंबित कार्यो मे हीला हवाली करते हुये आज तक प्रभावितों को मुआवजा वितरण नही कराया जा सका।

### आखिर क्यों नही कर रहे कार्यवाही

प्रभावितों को मुआवजा वितरण मामले मे जल संसाधन विभाग ने चुप्पी क्यों साध रखी है यह समझ से परे है। पूर्व एसडीओ के द्वारा कहा गया था कि प्रभावितों से संपर्क कर उन्हे कार्यालय मे बुलाकर मुआवजा के संबंध मे कार्यवाही की जायेगी, लेकिन उनके द्वारा लगातार झूठ बोलते हुये किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की गई। अब श्री शर्मा ने यहां कार्यभार ग्रहण कर लिया है, परंतु यह तो उनसे भी बड़े निकले ये तो झूठ बोलने मे भी महारत हासिल किये हुये हैं। संबंधित रजिस्ट्रार कार्यालय तक बिना फाइल पहुंचाये हितग्राहियों को बता दिये कि आपकी फाइल मुआवजे के लिए भेज दी गई है, वहीं से मामला लंबित है जबकि 16 अगस्त 2023 को रजिस्ट्री हो चुकी है। जिसके 4 माह बाद भी मुआवजा वितरण नही हो सका।

### सीएम हेल्पलाइन बढ़ने के यही कारण

मनमानी, हठधर्मिता व दिये गये दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही तथा निजी स्वार्थ कार्यो मे व्यस्तता ही जिले मे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों मे लगातार वृद्धि कर रही है, जबकि प्रदेश स्तर से लगातार इस मामले मे मानीटरिंग की जा रही है वही हर सप्ताह कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश समीक्षा बैठक मे दिये जाते हैं, लेकिन जल संसाधन विभाग ने ठान लिया है कि चाहे जो भी हो नियम कानून को रौंदकर वह अपनी मनमानी ही करेगा। देखना होगा कि इस मामले का निपटारा जल संसाधन विभाग समय सीमा पर करता है अथवा अपने रवैये के अनुसार महीनों सालों लटकाकर रखता है।

### इनका कहना है

रिखीराम शर्मा का मामला मेरे संज्ञान मे है। चुनाव मे आचार संहिता के कारण मामला लंबित था जिसका जल्द ही निराकरण हो जायेगा, मैं लगातार कोशिश कर रहा हूं कि पात्र हितग्राहियों को समय पर मुआवजा वितरण का लाभ मिल सके।

**सुरेश चंद्र शर्मा, एसडीओ**
**जल संसाधन विभाग कोतमा**

# अंधेरी रात में लग्जरी गाड़ी ने उगला 21 लाख कीमती 212 किलो गांजा



## जैतहरी पुलिस की गिरफ्त मे वाहन सहित चालक, दूसरा आरोपी फरार

**अनूपपुर।** जैतहरी थाने मे 15.12.23 को उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह वालरे सहित प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह, आरक्षक विक्रम परमार थाने के शासकीय वाहन प्राईवेट चालक अशोक राठौर के कस्बा देहात भ्रमण हेतु रवाना हुआ था। भ्रमण के दौरान न्यू स्टेला मेरी स्कूल के पास लहरपुर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पेन्ड्रा गोरेला छ.ग. तरफ से एक सफेद कलर की फार्च्यूनर गाडी क्र. सी.जी.04 जेसी. 1593 में दो लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा लोड किये है। सूचना पर पेन्ड्रा अनूपपुर मुख्य मार्ग ग्राम धनगवां बस स्टैण्ड के पास नाकाबंदी कर वाहन चेक कर रहे थे तभी 16/12/2023 को रात्रि 02 बजे पेन्ड्रा तरफ से आ रही सफेद रंग की फार्च्यूनर वाहन क्र. सी.जी.04 जे.सी. 1593 को घेराबंदी कर रोका गया तो चालक द्वारा गाडी को रोका उसी समय गाडी के बगल की सीट में बैठा एक व्यक्ति गाडी का गेट खोलकर रोड किनारे झाडियों तरफ भाग गया। दौडाने पर अंधेरा का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा फार्च्यूनर गाडी के चालक को घेरा बंदी कर पकडा गया। वाहन चालक ने अपना नाम धर्मेन्द्र राय पिता भागदेव राय उम्र 30 वर्ष निवासी रनदहा थाना राजापाकर जिला वैशाली बिहार का होना बताया एवं भागा हुआ व्यक्ति का नाम रावन सिंह गोंड निवासी शहडोल का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 11 सफेद प्लास्टिक की बोरियों में भरे अवैध मादक पदार्थ गाँजा 212.200 किलो ग्राम कुल कीमती 21 लाख 22 हजार रुपए व फार्च्यूनर वाहन क्र. सी.जी.04 जे.सी. 1593 कीमती करीब 15 लाख रुपए को जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस जप्त मादक पदार्थ गांजा का वैधानिक कार्यवाही कर थाना जैतहरी मे अप.क्र.521/2023 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनूपपुर के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक पी.सी. कोल के मार्ग दर्शन पर पुलिस स्टाफ उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह वालरे, चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक बालेन्द्र प्रताप सिंह, महेश झा, अरविंद सिंह, सुखदेवराम भगत, रामेश्वर सिंह, विक्रम परमार का सराहनीय योगदान रहा।



# चिकित्सक से युवक ने अभद्रता कर जान से मारने की दी धमकी

## चिकित्सकों ने की कार्यवाई की मांग, काम बंद की दी चेतावनी

**अनूपपुर।** शनिवार को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में इलाज करवा रहे दुर्घटना में घायल युवक ने ड्यूटी डॉक्टरों के साथ गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव करने आये चिकित्सक एवं सिविल सर्जन के साथ भी अभद्रता की। शनिवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने इस आशय कि शिकायत कोतवाली अनूपपुर में की। पुलिस ने चिकित्सकों की शिकायत पर धारा 353, 186, 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ड्यूटी चिकित्सक मोहम्मद ओजैर अंसारी ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक अभिमन्यु सिंह परिहार पुत्र सतेंद्र सिंह परिहार निवासी बरबसपुर के इलाज के दौरान दवाई लिखने के लिए ओपीडी पर्ची मांगा, तो अभिमन्यु सिंह गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर मेरे साथी डॉक्टर हिमांशु पांडे एवं सिविल सर्जन डॉक्टर परस्ते भी मौके पर पहुंचे, उसने उनके साथ भी अभद्रता की और आधे घंटे तक अस्पताल में डॉक्टर एवं स्टाफ के साथ गाली गलौज करता रहा। इसकी शिकायत ड्यूटी डॉक्टर ने कोतवाली अनूपपुर में की। पुलिस ने अभिमन्यु सिंह पर मध्य प्रदेश चिकित्सा चिकित्सा से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम के साथ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कर जांच में लिया हैं। युवक भाजपा जिला उपाध्यक्ष का भतीजा है।

### चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन, काम बंद करने की दी चेतवनी

जिला चिकित्सालय के ड्यूटी डॉक्टर के साथ हुई अभद्रता को लेकर सभी चिकित्सकों में नाराजगी है और घटना से सभी चिकित्सक आहत हैं। चिकित्सकों ने अभिमन्यु सिंह परिहार पर कार्रवाई को लेकर शनिवार को सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि आरोपित द्वारा की गई अभद्रता व जान से मारने की धमकी के दौरान सूचना पर सिविल सर्जन स्वयं घटना स्थल पर मौजूद थे। गार्ड तथा अन्य लोगों सहायता से आरोपी को अलग किया। आरोपित को 24 घंटे में जेल नहीं भेजा तो सभी चिकित्सक एवं जिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ काम बंद करने लिए बाध्य होंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पुलिस जुटी जांच में

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर से 20 किमी दूर बडहर गांव में 32 वर्षीय युवक की मौत की सूचना पुलिस को लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के शव का प्रारंभिक जांच, पंचनामा करने के बाद पी,एम,कराने हेतु शव वाहन से जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेज कर जांच प्रारंभ की है। परिजनों के अनुसार मृतक की मृत्यु एक दिन पूर्व बकरियों के लिये पत्ता तोड़ने समय पेड़ से गिरना होना बताया गया है वही कुछ ग्रामीणों द्वारा युवक की मृत्यु मछली मारने दौरान करंट से होना बता रहे है फिलहाल पुलिस प्रत्येक बिंदुओं पर गहन परीक्षण करने मे जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 20 किमी दूरी पर स्थित बडहर गांव में बरगीडांड निवासी 32 वर्षीय बेचू पिता भगवती बंजारा की मृत्यु की सूचना ग्रामीणों द्वारा शनिवार की सुबह हंड्रेड डायल पुलिस को दिए जाने पर हंड्रेड डायल पुलिस स्थल पर पहुंचकर स्थिति को देखते हुए कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचना दी जिस पर सहा,उप निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा लिखकर परिजनों के बयान लिए जिस पर मृतक के छोटे भाई बेसाहू बंजारा ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उनका बड़ा भाई बेचू घर के नजदीकी कुंवर सिंह के खेत में लगे साजा के पेड़ से बकरियों को खिलाने के लिए पत्ता तोड़ने गया था। दोपहर 3:30 बजे के लगभग उसके वापस न आने पर वह एवं भाभी ने देखा कि पेड़ के नीचे बेचू जमीन में बेहोश स्थिति में पड़ा है जिसे उठाकर गांव के ही एक-दो व्यक्तियों को झाड़-फूंक के लिए एक मैजिक वाहन से ले जा कर दिखाया इस दौरान उसकी मृत्यु होना बताए जाने पर घर लाकर रख लिए। इसी बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा हंड्रेड डायल पुलिस को घटना की जानकारी दिये जाने पर हंड्रेड डायल पुलिस मौके में पहुंचकर घर में रखे शव को देखने बाद कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की। शव का पंचनामा, परिजनों के कथन ले कर मृतक के शव को पीएम कराए जाने हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेज कर जांच प्रारंभ की। इस दौरान ग्रामीणों ने दबी जुबान में बताया कि बेचू बंजारा गांव के ही किसी व्यक्ति के साथ मछली मारने गया थी जिसे अचानक करंट लगने से गंभीर हो गया हालांकि कि मृतक के शरीर में बाहरी तौर पर पुलिस को किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं।



# छात्रावास अधीक्षक की हिटलरशाही से छात्र एवं कर्मचारी त्रस्त

## बालक छात्रावास चोलना के छात्रों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**अनूपपुर।** कलेक्टर साहब हम छात्रों को भरपेट भोजन दिलाए जाने की कृपा करें हॉस्टल अधीक्षक मीनू के आधार पर हमें भरपेट भोजन नहीं दे रहे, यह आवाज छात्रावास चोलना के छात्रों ने उठाए है। जिले के तहसील जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चोलना में भरेर्शाही मची हुई है, यहां के हॉस्टल अधीक्षक सतनू राठौर की कार्यशैली से छात्र एवं यहां पदस्थ कर्मचारी त्रस्त हैं। बताया गया है कि 50 सीटर छात्रावास में लगभग 12 से 15 छात्र रहते हैं यहां के छात्रों को मीनू आधार वर्षो से रोटी के दर्शन नहीं हुए है। छात्रों ने निराशाजनक भाव के साथ बताया कि यहां के हॉस्टल अधीक्षक के आदेशानुसार सुबह दाल चावल सब्जी खाने को दिया जाता है, सभी छात्रों को रोटी खाने के लिए कभी नहीं मिलती। उन्होंने बताया कि हम लोग जब रोटी मांगते हैं तो हॉस्टल अधीक्षक द्वारा हमें डराया धमकाया जाता है कि रोटी खाना हो तो अपने घर चले जाओ छात्रों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यहां हम लोग कष्ट भरी जिंदगी जी रहे हैं, हॉस्टल अधीक्षक बिना मतलब का हम लोग को डराते धमकाते हैं और भरपेट खाना नहीं मिलता मीनू के आधार में कभी भी भोजन नहीं दिया जाता, किसी भी तरह की कोई खेल सामग्री उपलब्ध नहीं है। रसीली सब्जी पतली दाल और चावल सुबह टाइम मिलता है, शाम को रशीली सब्जी चावल खाकर हम लोग अपना गुजर कर रहे हैं, यहां पदस्थ रसोईया कर्मचारियो ने बताया कि हम लोग रसोई का काम, साफ सफाई, बागवानी, खुदाई से लेकर बाथरूम तक साफ करते हैं। छात्रावास अधीक्षक शतनू राठौर द्वारा हम सभी को प्रताड़ति किया जाता है यहां पदस्थ कर्मचारी प्रदीप कुमार सिंह, मुकुल सिंह मरावी ने कहा कि हम बच्चों की इच्छा अनुसार तो क्या मीनू के आधार पर भी भोजन नहीं दे पाते हॉस्टल अधीक्षक सतनू राठौर की कार्यशैली से जहां छात्र एवं कर्मचारी त्रस्त हैं वहीं इनके हिटलर शाही को लेकर अभिभावकों एवं ग्राम चोलना के लोगों में भारी आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां सतनू राठौर लगभग 15 वर्षो से पदस्थ हैं शासन के मापदंड के अनुसार बच्चों के साथ खाना नहीं दिया जाता और शासकीय राशि को हड़प लिया जा रहा है। 50 बच्चों की फर्जी हाजिरी लगाकर उनके नाम बिल आहरण किया जाता है, अधीक्षक हॉस्टल छोड़कर लापता हो जाते हैं और आते हैं तो हम लोगों को अनुपस्थित कर हमारे वेतन में कटौती कर देते हैं, छात्रों ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक द्वारा हमें डराया धमकाया जाता है कि अगर हमारी शिकायत किसी से करोगे तो छात्रावास से बाहर निकाल देगे, एक सफाई कर्मी यहां विगत कई वर्षों से नियुक्त था उसे हॉस्टल अधीक्षक ने बिना आरोप के यहां से भगा दिया है। चर्चा के दौरान सफाई कर्मी जीवन लाल चौधरी ने बताया कि सतनु राठौर के हिटलर शाही के चलते मेरा परिवार आज भुखमरी की कगार में खड़ा है। मैं यहां विगत कई वर्षों से साफ सफाई का कार्य कर रहा था बिना मेरी गलती बिना आरोप के मुझे छात्रावास से निकाल दिया गया, इस बात की शिकायत बीईओ, बीआरसी, जनपद सीईओ, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय अनूपपुर से किया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। चोलना छात्रावास में निवासरत छात्र, कर्मचारी, छात्रों के अभिभावक ने कलेक्टर से मांग की है कि शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चोलना का औचक निरीक्षण कर दोषी छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।